Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 13.11.2021 | अंक 53

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संपादकीय

## जनता अपना एक वोट आश्वासन के जरिये दर्जनों उम्मीदवारों के बीच बांटने में लगी है।

अपेम लाइवः बरही



कृष्णा प्रजापति

औपचारिक तो नही बल्कि अना. पचारिक तरिके से पंचायत चुनाव का आगाज हो गया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में वार्ड से लेकर जिला परिषद सदस्य पद के लिए अपने आपको बेहतर उम्मीदवार घोषित करने की होड़ सी लगी हुई है। प्रत्याशी का घोषणा कर सभी उम्मीदवार जनता जनार्दन के बीच ऐसे पेश आ रहे हैं। जैसे मानो की वे ही सबसे बड़ा रहनुमा है। जनता भी जान चुकी है की अभी मौका है। सभी को अपना वोट बांटने की। यही वजह है कि जिस जनता के पास जो उम्मीदवार पहुंच रहा है उसे इतना विश्वास दिलाया जा रहा है कि उनका वोट तो उन्ही को मिलेगा। उम्मीदवार भी खुश हो रहे है कि अमुक व्यक्ति का वोट उन्ही को मिलेगा। जनता जनार्दन भी एक वोट को दर्जनों उम्मीदवार के बीच मे बांटने में लगी है। जनता भी समझ चुकी है कि चुनाव के बाद तो निर्वाचित प्रतिनिधि उनका सुनने वाले तो है नही। इसलिए अभी ही समय है। जनता भी अपने समय का पूरा ध्यान रखती है। आश्वासन के जरिये अपना वोट बांटने में लगी हैं और उम्मीदवार भी आश्वासन लेकर खुश हो रहे हैं।

## मणिपुर में सेना की टुकड़ी पर घात लगाकर हमला, सीओ समेत 5 जवान शहीद, परिवार के दो सदस्यों की भी मौत

अपेम लाइवः इंफाल ( एजेंसी)

मणिपुर में सेना की टुकड़ी पर आईडी हमले की सूचना है। बताया जा रहा है कि सेना की टुकड़ी पर घात लगाकर बैठे आतंकियों ने हमला किया गया.। इस हमले में असम राइफल्स के सीओ समेत 5 जवान शहीद हो गए.। वहीं, अफसर के परिवार के दो सदस्यों की भी मौत इस हमले में हो गई.। गौरतलब है कि मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के सिंघाट में यह हमला हुआ. यहां असम राइफल्स के कमांडिंग आफिसर के काफिले पर आतंकियों ने हमला किया। काफिले में कमांडिंग ऑफिसर के परिवार के सदस्य और क्विक एक्शन टीम के सदस्य मौजूद थे। आतंकी हमले में सीओ, क्विक एक्शन टीम के. तीन जवान और सीओ के परिवार के दो सदस्यों की मौत हो गई.। हमले के पीछे मणिपुर की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का हाथ बताया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल

अपेम लाइव : बरही

शनिवार को सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार उम्र 18 वर्ष पिता बिनोद सिंह करियातपुर बरही, वहीं दूसरा व्यक्ति अनिमेष कुमार सिंह 22 वर्ष पिता गुड्डू सिंह मांडू रामगढ़ निवासी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जहाँ दोनों घायलों का इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।




# विज्ञान में बेहतर ट्यूशन देने वाला संस्थान वेक्टर क्लासेस अब बरही के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की भी कराएगा तैयारी, नामांकन शुरू

## बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, जेपीएससी सहित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु क्लास 15 नवंबर से शुरू

अपेम लाइव : बरही

यदि आप बरही अनुमंडल या उसके आस पास के रहने वाले हैं। आप नौकरी के लिए प्रतियो. गिता परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं तो आपको अब बरही में ही आपको ये सुविधा मिलने जा रही है। जी हां हज़ारीबाग़ ब्ल०क गेट के पास संचालित जाना पहचाना संस्थान वेक्टर क्लासेस प्रबंधन के द्वारा इसी संस्थान में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। इसमे वैसे विद्यार्थी अपना एडमिशन ले सकते हैं। जिन्हें बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, जेपीएससी एवं अन्य राज्य की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को इच्छुक हों। इच्छुक विद्यार्थी संस्थान से संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेषज्ञ , अनुभवी टीचर्स की व्यवस्था की गई है। फिलहाल प्रतियोगी परीक्षार्थियों को कृष्णा राणा( जेपीएससी क़्वालीफाई ) राजेश यादव ( एक्सपर्ट टीचर) सूरज गुप्ता ( कैट क़्वालीफाई) के मार्गदर्शन मिलेगा। वेक्टर क्लासेस के डायरेक्टर दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि बरही से बाहर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों का आर्थिक शोषण किया जाता है। जबकि बरही में हम बेहतर माहौल के साथ अच्छी ट्यूशन देने का प्रयास कर रहे हैं। बरही अनुमंडल एवं आस पास के बच्चे वेक्टर क्लासेस में आकर अपना नामांकन करा सकते हैं। अपना फ्यूचर संवार सकते है। हम कम शुल्क पर बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। आगे भी हमारा मुहिम जारी रहेगा। शिक्षा का व्यवसायीकरण नही बल्कि इमानदारी पूर्वक बच्चों की गुझावत्ता युक्त शिक्षा मुहैया कराना हमारा मकसद है।




## एकादशी उद्यापन को लेकर निकला कलश यात्रा




कलश यात्रा मे शामिल महिलाएँ व भक्तगण

अपेम लाइव : चलकुशा

प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरियौन निवासी रामलाल सिंह की पत्नी सोहद्रा देवी के द्वारा कार्तिक एकादशी उद्यापन को लेकर 51कलश से सुसज्जित भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया ।कलश यात्रा का शुभारंभ माता बहनों ने मां दुर्गा मंदिर का भ्रमण कर किया गया ।इस दौरान भक्ति गीत पर झूमते पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए ।बरियौन, मस. केडीह बराकर नदी घाट पर विधिवत पूजा अर्चना कर सभी महिलाएं अपने अपने जल पात्र में जल भरकर पुनरू पूरे ग्राम भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडल बरियौन में कलश को रखा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से पुरोहित महेश पांडे, गोविंद पांडे ,संजय पांडे, भोला सिंह, मनोज सिंह, सुनील सिंह, उजेंदर सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, अरुण सिंह, विक्रम सिंह ,कामदेव सिंह, अजित सिंह, कमलदेव सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, बैकुंठ सिंह,किशोर दास, गणेश ठाकुर एवं दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## बारिश ने मौसम का बदला मिजाज, ठंड और कनकनी बढ़ी



अपेम लाइव : बरकट्ठा

प्रखंड क्षेत्र में अचानक हल्की बारिश होने से मौषम ने करवट ले लिया हैं। मौसम करवट लेने से ठंड और कनकनी बढ़ गई हैं। वही हल्की बारिश के कारण लोग बाहर कम दिखाई दिए। दुकानों की बाजार फीकी रही, वही सड़के सन्नटा रही। आपको बता दे की ठंड और कनकनी बढ़ने से लोग आलाव की सहारा ले रहे हैं। शुनिवार को पूरे दिन बादल छाया रहा। ठंडी हवाएं चलती रही। लोंगो को चाय की चुस्कियां भी अच्छी लग रही है। लोग सिर से पैर तक गर्म कपड़ों से ढके दिखाई दे रहे है थे। होटल व दुकानों में भीड़ दिखी नहीं।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## झारखंड यूथ फेडरेशन ने वन सुरक्षा को लेकर किया बैठक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**


बैठक मे उपस्थित लोग

प्रखंड के सलैया पंचायत में झारखंड यूथ फेडरेशन के द्वारा सलैया के वनो के बचाव को लेकर एक बैठक की। जिसमें वन को किस प्रकार बचाना है तथा वन से हमें क्या क्या लाभ होता है, पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित मनोज कुमार ने कहा कि वनों को बचाना हम सभी की जिम्मेवारी है। हमारी संस्था झारखंड यूथ फेडरेशन इस प्रकार के कार्य में अहम भूमिका निभाती रही है। कुछ दिन पूर्व संस्था के द्वारा पर्यावरण सुरक्षा को लेकर हाफ मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया था तथा वन को बचाने को लेकर एक शॉर्ट फिल्म भी हम लोगों के द्वारा बनाया गया है। वही टिंकू कुमार ने कहा कि कोविड–19 के दौरान हम लोगों ने देखा कि ऑक्सीजन की कमी के कारण कई लोग मर रहे हैं ,यदि हम सब वनों की सुरक्षा नहीं करते हैं तो वह दिन दूर नहीं जब हम सभी को ऑक्सीजन साथ में लेकर घूमना पड़ेगा। सलैया वन समिति के अध्यक्ष सहदेव प्रसाद ने कहा कि हम लोगों ने वन की रक्षा के लिए कमेटी का निर्माण किया हैं ।सभी को आगाह कर रहे हैं कि वनों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया जाय ।यदि कोई व्यक्ति वन से लकड़ी काटता पकड़ाया तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । बैठक में सलैया वन समिति अध्यक्ष सहदेव प्रसाद, वन समिति कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, बीजेपी युवा मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष टिंकू प्रसाद, झा. यू. फे. अध्यक्ष सौरभ कुमार, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, सह सचिव मुकेश दास, मीडिया प्रभारी सोनू कु. रंजन, पत्रकार सह विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद, अशोक कुमार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## एकादशी उद्यापन को ले कलशयात्रा निकाली गई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



क्लश यात्रा मे शामिल महिलाएँ व भक्तगण

बरकट्ठा परवता निवासी स्वर्गीय वजीर मोदी की धर्मपत्नी घमनी देवी द्वारा कार्तिक एकादशी उद्यापन को लेकर भव्य 101 कलशो से सुसज्जित भव्य यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में मुख्य रूप से पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, मुखिया बसंत साव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, जिप प्रतिनिधि केदार साव शामिल हुवे। घमनी देवी के बड़े पुत्र प्रकाश मोदी उनकी धर्मपत्नी आरती देवी के द्वारा सर्वप्रथम सभी देवी देवताओं को आह्वन कर पीले वस्त्रों में सजी देवी स्वरूपा माताओं व बहनों को कलश देकर व चुनरी ओढ़ाकर विदा किया गया ततपश्चात भक्ति गीतों पर झूमते नगर भ्रमण करते हुए बरकट्ठा बाजार बरकट्ठा चौक,घूमते हुए सभी मंदिरों में पुजा अर्चना करते हुवे उत्तरवाहिनी पतालसुर नदी में विधिविधान से देवताओं को आह्वन कर जल याचमन कर अपने अपने जलपात्र में जल भर कर पुनः नगरभ्रमन करते हुए यज्ञ मण्डप में कलश को रखा गया । धर्मनगरी अयोध्या के प्रसिद्ध प्रवाचक पवन आचार्य की अगुवाई में सात दिवसीय एकादशी उद्यापन को सम्पन्न कराया जा रहा है 13–19 नवम्बर तक संचालित होने वाले इस यज्ञ में प्रसिद्ध पंडितों द्वारा प्रवचन व जागरण की प्रस्तुति प्रत्येक दिन की जाएगी । मौके पर दर्शन सोनी, अशोक नायक, सुनील कुमार, पीताम्बर नायक, सुरज मोदी, महादेव मोदी, संजय सिंह, सत्यम भारती, मुकेश कुमार, प्रिंस कुमार, अमित अग्रहरि, बिमलेश मोदी, चंदन मोदी, सुरज मोदी, कुंदन मोदी, कोलेश्वर मोदी, अंकित कुमार, अयोध्या यादव, समेत बड़ी श्रद्धालु शामिल थे। वही पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव परवता निवासी अशोक यादव, कोसमा निवासी राजेश मंडल झुरझुरी महेन्द्र प्रसाद मंडल एंव छोटू यादव,पडरिया एस लाल के कलश यात्रा में भी शामिल हुवे।

## झारखंड स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को लेकर हुई बैठक, कई योजनाओं को लेकर बीडीओ ने दी जानकारी

**अपेम लाइव : चलकुशा**


बैठक मे उपस्थित लोग

प्रखंड मुख्यालय सभागार में झारखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर से आपके अधिकार आपके सरकार आपके द्वार सरकार के दो वर्ष पुरा होने पर सरकार के कार्यक्रम को लेकर बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी एवं संचालन अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर ने किया। जिसमें मुख्य रूप से जनप्रतिनिधी, मुखिया एवं ब्लाक कर्मी शामिल थे। मौके पर बीडीओ ने कहा कि समाजिक सुरक्षा विर्धा पेंशन विधवा पेंशन योजना प्रधानमंत्री आवास योजना 15वें वित्त आयोग मनरेगा योजना से डोभा निर्माण कूप निर्माण टीसीबी योजना से लोगों लाभान्वित कर प्रखंड का विकास किया जाएगा। चलकुशा प्रखंड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर प्रखंड के हर पंचायत में अलग–अलग तारीखों में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 16 नवंबर को मनैया पंचायत में, 18 नवंबर को सेवांटांड, 23नवंबर को सलैयडीह, 25 नवंबर को चलकुशा, 4 दिसंबर को अलगडीहा, 8 दिसंबर को सुदन, 20 दिसंबर को मस्केडीह, 23 दिसंबर को चौबे, 25 दिसंबर को खरगु पंचायत कार्यक्रम को समापन किया जाएगा। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, उपप्रमुख दुर्गा यादव, मुखिया सुभाष ठाकुर , मुखिया भुनेश्वर दास, युवा नेता आलोक सिंह , बसंत पांडेय, बलदेव साव,मुखिया प्रतिनिधि लखन साव, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश पांडेय, वीरेंद्र यादव, विजय चौधरी, बीपीओ असिम टोप्पो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## विजैया में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में अलगडीहा बना विजेता, विजैया उप विजेता

**अपेम लाइव : बरही**


बिजेता टीम को पुरस्कृत करते जन प्रतिनिधि

विजैया में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच स्टार इलेवन विजैया एवं अलगडीहा के बीच खेला गया। अलगडीहा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 7 विकेट खोकर कुल 86 रन बनाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विजैया की टीम ने 10 ओवर में मात्र 50 रन ही बना पाई। इस तरह अलगडीहा 36 रन से विजयी हुई। विजेता एवं उप विजेता टीम को मुख्य अतिथि जीप प्रतिनिधि मो कयूम, भाजपा नेता किशुन यादव, मुखिया दशरथ यादव , डीएसपी चंद्रशेखर आज़ाद ने कूप देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मो कयूम ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। सरकार को ग्रामीण खेल प्रतिभा को निखारने में सहयोग करनी चाहिए। मौके पर पप्पू खान, सूरज दास, समाजसेवी अनुज यादव, कुशवाहा,समाजसेवी सहदेव मोदी, पंचायत समिति प्रतिनिधि देवलाल केदार यादवआदि लोग मौजूद थे।

## मुखिया प्रेमचंद कुशवाहा के प्रयास से विक्षिप्त का शव पहुँचा पैतृक घर

**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत बरहमसिया चौक पर बीते कई वर्षो से एक विक्षिप्त व्यक्ति रह रहा रहा था , जिसकी मौत किसी कारण बीते दिन हो गया था। जिसकी जानकारी मिलते हीं स्थानीय मुखिया सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि (खाद्य आपूर्ति विभाग) प्रेमचन्द प्रसाद कुशवाहा ने प्रशासन के सहयोग से उक्त विक्षिप्त व्यक्ति के शव को उनके पैतृक गाँव इसी जिले के गाँवा मालडा तक एबुलेंस के माध्यम से भेज दिया। इस कार्य के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने मुखिया श्री कुशवाहा को बहुत बहुत धन्यवाद दिया।




**APEM LIVE**

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## फंड उपलब्ध होने के बाद भी नही मिल पा रहा है संविदा कर्मियों का मानदेय,आठ माह से सहिया एवम वीएलई इंसेंटिव के जोह रहे हैं बाट

**अपेम लाइव : बरही**

फण्ड का रोना रोने वाला अनुमंडलीय अस्पताल बरही को फण्ड उपलब्ध होने के बाद भी अब तक संविदा कर्मियों को मानदेय मिल पाया है और न ही सहिया एवं वीएलई को इंसेंटिव मिल पाया है। जिसके कारण स्वास्थ्यकर्मियों को काफी फजीहत उठानी पड़ रही है। एक सप्ताह फण्ड अलॉट हो गया है। बावजूद पिछले तीन माह से एनएचएम कर्मियों को मानदेय नही मिल पाया है। वही पिछले आठ माह से सहिया को उनका इंसेंटिव नही मिल पाया है। इतना ही नही कोरोना काल मे जान जोखिम में डालकर कोविड वैक्सीनेशन कार्य मे डाटा एंट्री करने वाले प्रज्ञा केंद्र संचालक (वीएलई) को उनका इंसेंटिव आठ माह से नही मिला है। उनके द्वारा कई बार फरियाद लगाया भी गया। लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। अब जब फण्ड उपलब्ध हो गया है। लेकिन तकनीकी समस्या बताकर अब भी टाल मटोल की जा रही है। जबकि आस पास के कई अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों को मानदेय एवम अन्य बकाया भुगतान कर दिया गया है। वही बरही अनुमंडलीय अस्प्ताल में स्वास्थ्यकर्मी एवम वीएलई भुगतान के लिए आस लगाए हुए है। इस संबंध में डीएस से संपर्क करने पर मोबाइल स्विच ऑफ बताया। जबकि बीपीएम नारायण राम ने बताया कि बैंक की तकनीकी समस्या के कारण भुगतान नही हो पाया है। जल्द ही भुगतान के लिए प्रयासरत हैं




बरही अनुमंडलीय अस्पताल

## प्रखंड सभागार में कानूनी जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन, के सी सी, मनरेगा जॉब कार्ड, कम्बल, का किया गया वितरण।

**अपेम लाइव : चतरा**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के माननीय सचिव महोदय के निर्देशानुसार आजादी के 75वां वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव में नालसा पैन इंडिया एवरनेस कैम्प तथा आउटरीच प्रोग्राम के तहत कान्हाचट्टी के प्रखण्ड कार्यालय में कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।उपस्थित ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के द्वारा नालसा स्किम असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा का उद्देश्यरु निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना, कानूनी साक्षरता फैलाना, लोक अदालत का आयोजन करवाना,विवाद निपटारे के लिए वैकल्पिक समाधानों को प्रोत्साहन देने की जानकारी दिया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्रा. धिकार के माननीय सचिव शामिल हुवे और उपस्थित ग्रामीणों के बीच , आत्मरक्षा और विवादों से जुड़े विभिन्न धाराओं के बारे में विस्तार से चर्चा किये तथा किसी भी गरीब व्यक्ति के साथ अगर किसी भी प्रकार का अत्याचार होता हैं। और वो कानूनी मदद चाहता है तो जिला विधिक सेवा से मुफ्त में सरकारी वकील मुहैया कराया जाएगा। वही इस शिविर में उप. स्थिति ग्रामीणों के बीच विभिन्न योजनयो का लाभ भी दिया गया। प्रखण्ड के दर्जनों किसानों के बीच के सी सी, मनरेगा ज०ब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास में नाम दिया गया, अति गरीब बुजुर्गों के बीच कम्बल का भी वितरण किया गया। वही इस शिविर में पि.एल.भी अरविन्द कुमार दास,पिन्टु ,बी पी ओ नि. रंजन कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख श्रीमती रुणा देवी,एवम विभिन्न पंचायत के रोजगार सेवक मौजूद थे।



### आज का प्ंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---13.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलरु
ऋतुः---शरद
माहः---कार्तिक
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---नवमी तिथि दिन 09:36 मिनट तक उपरांत दशमी तिथि
दिनः---शनिवार
नक्षत्रः---शतभिषा नक्षत्र
योगः---ध्रुव
करणरु---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:35
सूर्यास्त : संध्या 05:25
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---कुम्भ राशि में
आज का राहूकाल दिनः---09:00 बजे से दिनः---10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज अक्षय नवमी व्रत होगा।



संदीप शर्मा

आलेख---

## एकादशी उद्यापन को ले निकाली कलशयात्रा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा चुगलामो निवासी बा. सुदेव महतो व उनकी धर्मपत्नी के द्वारा सामूहिक रूप से कार्तिक एकादशी उद्यापन को ले 121कलशों से सुसज्जित भव्य कलशयात्रा का आयोजन किया गया स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव ने अपने कर कमलों से सर्वप्रथम सभी देवी देवताओं को आह्वन कर पीले वस्त्रों में सजी देवी स्वरुपा माताओं व बहनों को कलश देखकर विदा किया गया ततपश्चात भक्ति गीतों पर झूमते नगर भ्रमण करते हुए चुगलामो तुर्कबाद चौक,घूमते हुए सभी मंदिरों में घी का दीपक जलाकर उत्तरवाहिनी डपोक लाली घाट नदी में विधिविधान से देवताओं को आह्वन कर जल याचमन कर अपने अपने जलपात्र में जल भर कर पुनः नगरभ्रमन करते हुए यज्ञ मण्डप चुगलामो में कलश को रखा गया मौके पर धर्मध्वज की प्रतिस्थापना की गई प्रसिद्ध पुजारियों की अगुवाई में 9 दिवसीय एकादशी उद्यापन को सम्पन्न कराया जा रहा है 13-19 नवम्बर तक संचालित होने वाले इस यज्ञ में मशहूर पंडि. तों द्वारा प्रवचन व जागरण की प्रस्तुति प्रत्येक दिन की जाएगी कलशयात्रा में मुख्य रुप से जीप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया प्रतिनिधि सिकन्दर चौधरी, इंद्रदेव प्रसाद यादव,तुलसी चौधरी,जिला परिषद भावी उम्मीदवार अपराजिता कुमारी, विजय चौधरी, पंचायत समिति सदस्य विजय पासवान, गायत्री परिवार के सदस्य वीरेंद्र प्रसाद, बासुदेव महतो, छोटी महतो, मकानी महतो, तुलसी प्रसाद, चौधरी, सुरेंद्र प्रसाद, राज शेखर प्रसाद समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति थी



क्लश यात्रा मे शामिल लोग

## बरकट्ठा में एनएएस को लेकर शैक्षणिक दक्षता का हुआ आकलन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

प्रखण्ड के विभिन्न सरकारी , मान्यता प्राप्त व निजी विद्यालयों में शुक्रवार को राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण का आयोज़न किया गया।राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के लिए बरकट्ठा प्रखण्ड से 15 स्कूलों का चयन किया गया।जिसमें कक्षा 3,5,8 एवं 10 वीं के आंकलन के उद्देश्य से नमूना आधारित राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) किया गया।प्रखण्ड में एनएएस के लिए छोटानागपुर हाई स्कूल बेडो. कला,उ0 मध्य विद्यालय चांद गढ़,रेसिडेंशियल पब्लिक स्कूल बेडो. कला,उ0 मध्य विद्यालय तुईयो,उ0 मध्य विद्यालय शिलाडीह, उ0 म0विद्यालय जवारपहारपुर ,कन्या उ0 उच्च विद्यालय बेलकपी,बेसिक स्कूल बेलकपी, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय बरकट्ठा, प्रोजेक्ट हाई स्कूल गैड़ा, उ0 म0 विद्यालय तुर्कबाद, मदरसा कोनहारा, उ0 म0 विद्यालय कोनहारा, बाल श्रमिक विद्यालय बण्डा सिंघा समेत 15 केंद्रों पर शिक्षा के स्तर ,भौ. तिक स्थिति व विद्यालय प्रबंधन का सर्वेक्षण किया गया।इस सर्वेक्षण में 510 छात्र व लगभग 75 शिक्षको ने भाग लिया।इस कार्य मे सीआरपी बीआरपी बतौर फील्ड इन. वेस्टिगेटर के रूप में प्रतिनियुक्त होकर अपना दायित्व निर्वाहन किये।वहीं प्रत्येक केंद्र पर आब्जर्वर प्रतिनियुक्त किये गए।इस बावत बीईईओ अशोक कुमार प०ल ने बताया कि इस तरह के सर्वेक्षण से प्रखण्ड,ज़िला व राज्य के शिक्षा की गुणवत्त स्तर का पता चलता है।वहीं फील्ड इन्वेस्टिगेटर अनंत कुमार पांडेय ने बताया कि भारत सरकार द्वारा तीन वर्षो की चक्र अवधि में कक्षा 3,5,8 एवं 10 के छात्रों का आंकलन जांच परीक्षा का आयोजन करती है।राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण एक आवर्ती कार्यक्रम है।पिछला राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 13 नवंबर 2017 को आयोजित किया गया था।चार साल बाद इस बार 12 नवंबर को राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण किया गया।



परीक्षा देते परीक्षार्थी

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

**कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून की ओर से झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर बरही वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।**



सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,
शुभ दीपावली





रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह





सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

**हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी

## पूर्व स्पीकर की भतीजी व हिरनपुर विधायक की बहन व बहनोई का चौपारण में सड़क दुर्घटना

**अपेम लाइव : चौपारण**

कहावत है “जाको राखे सइयाँ मार सके न कोइ” उक्त कहावत का चरितार्थ देखने को मिला जहां एक वाहन 20 फिट गहरा खाई में जा गिरता है और गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार एक दुधमुंहा बच्चा व पति पत्नी को खरोच तक नही आता है। जी हां हम बात कर रहे है राज्य के पूर्व स्पीकर स्टीफेन मराण्डी की भतीजी व हिरनपुर से वर्तमान विधायक दिनेश मराण्डी की बहन सृष्टि अस्विन मरांडी की, जो अपने पति व अपने मासूम बच्चे के साथ जमशेदपुर से लखनऊ जा रही थी। चौपारण थाना क्षेत्र के सियरकोनी पास करने के दौरान वाहन का टायर फट गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर 20 फिट खाई में जा गिरा। गाड़ी पूरी तरह से छतिग्रस्त जो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायलो को स्थानीय समुदायिक अस्पताल चौपारण ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक ईलाज किया। पति चंदन सरदार लखनऊ के बड़े हॉस्पिटल में पोस्टेड है और छुट्टी के बाद अपने घर जमशेदपुर से ड्यूटी जॉइन करने लखनऊ जा रहे थे। **सीटबेल्ट ने बचाया जान, बच्चे को हल्की चोट**। वाहन चला रहे डॉ चंदन सरदार ने बताया कि हमने व हमारी पत्नी ने कार का सीटबेल्ट लगाए हुए थे जिस कारण गाड़ी पल्टी होने की बाद भी कुछ नही हुवा। हालांकि बच्चा माँ के गोद मे था इसलिए बच्चे के माथे में हल्का चोट आया। घटना की सूचना देते हुए डॉ चंदन व उनकी पत्नी के आँख नम हो गया। पूर्व विधायक के सहयोग से सभी को भेजा गया वापस राँची। इधर घटना की सूचना मिलते ही विधायक दिनेश मरांडी ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को टेलीफनिक सूचना दिया। सूचना पाकर पूर्व विधायक ने अविलंब राहत व बचाव कार्य मे अपने समर्थकों को लगाया। स्थिति नियंत्रण में देख पूर्व विधायक ने अपने निजी वाहन से तीनों को वापस राँची भेजवा दिया।



दुर्घटनाग्रस्त कार




घायल महिला

**झारखंड स्थापना दिवस के पावन अवसर पर बरसोत पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार मनोज कुमार यादव की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं**






स्व डीलचंद यादव, पूर्व मुखिया




स्व0 बंशी यादव, समाजसेवी

मनोज कुमार यादव
भावी मुखिया उम्मीदवार
बरसोत पंचायत

हमारी प्राथमिकता

1. शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण रोजगार मुहैया कराना हमारी प्राथकिता
2. किसानों के खेतो तक सिंचाई की व्यवस्था कराना
3 महिला सशक्तिकरण का प्रयास
4 गरीबो को उनका हक दिलाना




APEM LIVE

APEM LIVE NEWS सच का साथी

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## राज्य स्थापना दिवस एवं सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बरही के सभी पंचायतों में लगेगा शिविर

### बीडीओ सह सीओ ने बैठक कर दिए प्रखण्ड एवं अंचलकर्मीयों को जरूरी दिशा निर्देश

**अपेम लाइव : बरही**



बैठक करते बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो

झारखण्ड स्थापना दिवस एवं सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बरही प्रखण्ड के सभी पंचायतों में शिविर लगाकर सरकारी लाभ एवं सरकारी योजनाएं पहुंचाने को बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रखण्ड एवं अंचल कर्मियों के साथ बैठक की। सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि 16 नवंबर को बेन्दगी 18 नवंबर को रसोइया धमना, 22 नवंबर को बरही पशिचमी, 24 नवंबर को बरही पूर्वी, 27 नवंबर को कोनरा, 30 नवंबर को करसो, एक दिसम्बर को केदारुत, 2 दिसम्बर को गौरियाकर्मा, 6 दिसम्बर को खोड़ाहर, 7 दिसम्बर को बसरिया पंचमाधव, 9 दि. सम्बर को दुलमाहा, 10 दि. सम्बर को कोल्हुवाकला, 11 दिसम्बर को भंडारों, 13 दि. सम्बर को ड़पोक, 15 दि. सम्बर विजैया, 16 दिसम्बर को मलकोको, 21 दिसम्बर को बरसोत, 22 दिसम्बर को करियात पुर, 23 दिसम्बर को धनवार, 27 दिसम्बर को रानीचुवाँ को शिविर लगया जाएगा। इस शिविर में सरक. ारी योजनाओ की जानकारी दी जाएगी। साथ ही नए राशन कार्ड के आवेदन, वृद्धावस्था, विधवा एवं सामा. जिक सुरक्षा पेंशन के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके अलावे हर विभाग का स्ट०ल लगाकर संबंधित विभाग की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। मौके पर प्रखण्ड एवं अंचलकर्मी मौजूद रहे।

## सीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला में हरिला ने जरहिया को हराकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा।

**अपेम लाइव : बरही**



पुरूस्कार देकर सम्मानित करते अतिथिगण

जवाहर क्लब की ओर से जरहिया में आयोजित सीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को जरहिया बनाम हरिला के बीच खेला गया। जिसमे हरिला ने जरहिया को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता एवं उप विजेता टीम को बरही विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी अरविंद यादव ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया । मौके पर बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अरविंद यादव के अलावे बरही मध्य से जीप उम्मीदवार रेखा यादव, युवा समाजसेवी मनोहर यादव, बरही पश्चमी जीप प्रत्याशी रिंकू देवी, बद्री यादव, मुखिया प्रत्याशी चमेली देवी, युवा समाजसेवी सुरेश यादव, समाजसेवी सीकेन्द्र यादव, बीरेंद्र यादव, रमाकांत यादव, गनेध यादव, त्रिभुवन यादव, मुरारी यादव, सुधीर यादव, कैलाश यादव, अवधेश यादव, दिलीप रजक, रजक, संजीत यादव, अरुण यादव, महेंद्र यादव, मंजीत, पंकज, प्रदीप, नागेश, प्रभु, दीपक, ओम प्रकाश, विकास एवं गांव के अन्य लोग मौजूद थे।

## श्राद्ध कार्यक्रम में सम्मिलित हुए पूर्व विधायक मनोज यादव



**अपेम लाइव : चौपारण**

बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव प्रखण्ड के झापा निवासी आशीष गुप्ता व नेवरीक. रमा निवासी संजय यादव के स्वर्गीय पिता के श्राद्ध कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। पूर्व विधायक ने मृतक के प्रति गहरी सवेदना प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को सां. त्वना दिए। इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, राकेश कुमार, सुरेंद्र पांडेय, दादपुर प्रधान अरबिंद सिन्हा,विजय भुइयां, प्रदीप यादव,लोक गायक जनमेजय सिंह, शिक्षक राजाराम यादव, संजय यादव, ज्ञान यादव उपस्थित थे।

## भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह ने रांची में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मिलकर शॉल एव नरेन्द्र मोदी जी के सपनों का भारत बुक भेंट किया।



**अपेम लाइव : चौपारण**

चौपारण प्रखंड के जिला परिषद भाग दो के भावी प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह झारखण्ड प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एव साथ इचाक पूर्वी से जिला परिषद भावी प्रत्याशी वा महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू यादव ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मिलकर प्रतीक चिन्ह भेंट किया। सबसे पहले झारखण्ड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश को शॉल एव नरेन्द्र मोदी जी के सपनों का भारत बुक भेंट किया। उसके बाद झारखण्ड प्रदेश भाजपा विधायक दल के नेता बाबुलाल मरांडी को शॉल एव नरेन्द्र मोदी जी के सपनों का भारत बुक भेंट किया। साथ ही झारखण्ड प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष किस्लय तिवारी को शॉल एवं नरेन्द्र मोदी जी के सपनों का भारत बुक भेंट किया। इसके अलावे झारखण्ड प्रदेश महिला अध्यक्ष आरती कुजूर , बबिता सिंह, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह को शॉल एवं नरेन्द्र मोदी के सपनों का भारत बुक भेंट किया






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## गिरिडीह का जीवनदायनी उसरी नदी को किया जा रहा है बर्बाद : राजेश सिन्हा

**अपेम न्यूज़ : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



उसरी नदी की खराब स्थिति जिस पर ध्यान देने की है जरुरत

CPIML के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने शास्त्रीनगर में कहा कि गिरिडीह का जीवनदायनी उसरी नदी को बर्बाद किया जा रहा।इस ओर न तो नगरनिगम और न ही यहां के जनप्रातिनिधि ध्यान दे रहे है जिसको लेकर जल्द ही भाकपा माले द्वारा उसरी बचाव को लेकर आंदोलन किया जाएगा। शहर से होकर गुजरी उसरी नदी मैली हो चुकी है. यह सब शहर से निकलने वाले गंदा पानी की वजह से हो रहा है. शहर के नाले से निकला पानी 24 घंटे इसी नदी में गिर रहा है, उसपर इस पानी को शुद्ध करने की व्यवस्था नगर निगम ने अब तक नहीं की है. जिससे यहां नदी की सतह प्रदूषित हो रही है. भू जल के भी प्रदूषित होने का खतरा मंडरा रहा है ।

## बिरनी में फांसी के फंदे से झूलता मिला एक विवाहिता की शव, हत्या का आशंका

**अपेम न्यूज बिरनी (गिरिडीह)**
**सब्बा अहमद**



घटना की जानकारी लेती पुलिस

बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलगो पंचायत के पूर्वी बलगो गांव में एक विवाहिता का शव एक फाँसी के फंदे से झूलता मिला घटना की सूचना आग की तरह फैल गया।मृतका का नाम रिंकी देवी 25 वर्षीय बातया गया मृतिका के तीन छोटे-छोटे बच्चे भी है एक लड़की दो लड़का हैं मृतका रिंकू देवी का विवाह राजेश मंडल से हुआ था। रिंकी देवी बगोदर थाना क्षेत्र के उल्लिबाद गांव का रहनी वाली थी। बता दे कि राजेश मंडल बिरनी थाना क्षेत्र के पूर्वी बलगो का रहने वाला है। मृतिका के मायके वाला ने लगया ससुराल वाले पर आरोप महिला के राहिसमद मोत के मृतिका के दो छोटे छोटे बच्चे बने चश्मिद गोवह राजेश मंडल खेत से मछली मारकर शाम को घर ले कर आया था उसी के बीच मे कुछ अब बन हुआ और लगभग रात्रि 9बजे घटना को अंजाम दे दिया जब घट्ना होने के बाद मृतिका के बेटे ने आपने मामा को फ़ोन के द्वारा जानकारी दिया गया की मम्मी की मौत हो गई तो मामा ने अपने भांजा बात को गंभीरता में नही लिया और फ़ोन कट कर दिया दुबारा फ़ोन किया तो मामा को विस्वाश हुवा औऱ सब मायके के लोग रात्रि को ही घटनास्थल पर पहुचकर देखा तो बहन का शव फाँसी के फंदे से झूलता मिला। मौत कर कारण एक पहेली बनकर रह गई ये हत्या है या आत्महत्या। घटना की सूचना बिरनी थाना मे दे दिया बिरनी थाना के ये एस आई शिव रत्न हेम्ब्रम अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुचे ओर शाव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रकिया शुरू कर दिया इधर बिरनी पुलिश ने शव को पोस्टमार्डम हेतु सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया है खबर लिखे जाने तक मृतका के मायके वाले ने बिरनी थाने में कोई आरोप को लेकर आवेदन नही दिया है।

## बारिश के कारण खेतों में लगी धान की बाली को भारी नुकसान किसान चिंतित

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



धान की खेत में पके हुए धान की बाली

बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के चक्रवात के कारण बड़कागांव प्रखंड में शनिवार को दिन भर हल्की हल्की बारिश होती रही। बारिश के कारण तापमान में भी कमी आई है और ठंड बढ़ गई है। वहीं बारिश के कारण सब से ज्यादा प्रभावित किसान हो रहे हैं। एक ओर जहां कोरा. ना काल में किसान प्रभावित हुए वहीं अब बारिश ने किसानों के चेहरे पर चिंता उत्पन्न कर दी है। धान की खड़ी फसल को नुकसान होने के डर से किसान चिंतित हो गए है। शनिवार की सुबह से जारी बारिश के कारण खड़ी फसल को नुकसान हो सकता है। दरअसल खेतों में धान की फसल पक गई है। किसान धान कटनी में जुट गए हैं। कुछ किसान धान को काट्कर सूखने के लिए खेत में ही छोड़े हुए हैं। धान को खेत से खलिहान में नहीं लाए हैं। वहीं अधिकांश धान अभी खेतों में लगी हुई है। धान पक कर तैयार है लेकिन बारिश के कारण अधिकांश खेतों में धान की फसल जमीन पर गिर गई है, इससे धान को नुकसान हो सकता है। किसान चेतलाल महतो का मानना है कि पके हुए धान में बारिश का पानी गिरने से धान का दाना कमजोर होगा। चावल का दाना भी गुणवत्तापूर्ण नहीं हो पाएगा। वहीं बारिश के कारण आलू के फसल को भी काफी नुकसान होगा।




## अगले तीन दिन राज्य में होगी बारिश

**अपेम लाइव : रांची**



रांची मौसम पूर्वानुमान में बताया गया है कि अगले तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश होगी मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि बगांल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र गुरुवार को दोपहर पश्चिम-उत्तर पश्चिम पहुंचता हुआ आंध्र प्रदेश के तट पर पहुंचा इसका असर अगले तीन दिनों तक झारखंड में भी देखने को मिलेगा। शनिवार से राज्य के लगभग सभी जिलों में बादल छाए रहेंगे इसके साथ ही रांची, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है इन जिलों में कहीं-कहीं मेघ गर्जन की भी संभावना है इसके साथ ही तेज हवा चल सकती है बताया जा रहा है कि इसके बाद 16 नवंबर से राज्य में ठंड बढ़ेगी हालांकि इस दौरान राज्य में लगभग सभी जिलों में लोगों कोहरे का सामना नहीं करना पड़ेगा। कृषि मौसम विभाग के द्वारा जारी स्पेशल रिपोर्ट के अनुसार किसानों को हिदायत दी गयी है कि अगले तीन से चार दिनों के लिए वो अपने कटे हुए फसल को सूखा स्थान पर स्टोर करें। इसके साथ ही होने वाली बारिश अपने फसल को बचाने का इंतजाम करें इस बारिश से सब्जियों के फसल को नुकसान की संभावना है जबकि रबी की अन्य फसलों को फायदा पहुंचने की संभावना है पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में मौसम सामान्य रूप से शुष्क रहा राज्य में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान गोड्डा में 31.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## गिरिडीह में रफ्तार का कहर

## बेकाबू बोलेरो ने सात को कुचला, युवक की मौत, गुस्साए लोगों ने लगाया जाम

**अपेम न्यूज़ : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो

गिरिडीह जिले में एक बार फिर रफ्तार का कहर बरपा। बगोदर थाना क्षेत्र में हरिहर धाम के पास शुक्रवार देर शाम तेज रफ्तार बोलेरो ने चाय दुकान के बाहर भीड़ को रौंद दिया, इसमें सात लोग घायल हो गए। इस घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की रांची ले जाने के दौरान मौत हो गई। इस घटना में घायल सभी अलग-अलग इलाके के रहने वाले हैं और अलग-अलग कार्यो से जुटे हुए थे। घटना के बाद आक्रो. शित लोगों ने बगोदर-बिष्णुगढ़ रोड को जाम कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शुक्रवार शाम को बगोदर थाना क्षेत्र के हरिहरधाम के पास एक चाय की दुकान के बाहर भीड़ लगी थी। इस बीच बगोदर के हेसला की एक बोलेरो जिसे कम उम्र का लड़का चला रहा था। वह पहुंच गई। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से आधा किमी पूर्व लड़के ने एक होटल में शराब पी थी। इसके बाद वह तेजी से बोलेरो को चलाते हुए बगोदर की ओर आने लगा। इधर चाय की दुकान के पास बोलेरो से उसका नियंत्रण छूट गया। इसके बाद बोलेरो भीड़ की दौड़ने लगी और अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें वहां खड़ा बिष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के हेठली बोदरा निवासी रंजीत पासवान बोलेरो के नीचे दब गया। उसे स्थानीय लोगों ने किसी तरह बाहर निकाला।

## पबजी गेम में हारा पैसा, पिता के डांट के बाद लापता हुवा युवक, खोजबीन शुरू

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



पंकज कुमार



पबजी मोबाइल का क्रेज युवाओ में इस कदर हावी है कि इसके साइड इफेक्ट की कहानी दिन प्रतिदिन सुनने व देखने को मिलता रहता है। एक ताजा मामला चौपारण प्रखण्ड के नरैना गांव में देखने को मिला जहां एक युवक पबजी गेम में राशि हारता है और पिता उसे डाँट फटकार लगाते है। पिता के बातों का असर कहे या गेम हराने के गम, युवक घर से लापता हो गया। इधर काफी खोजबीन के बाद युवक पंकज कुमार का कोई अतापता नही चला तो पिता राजू साव खोजबीन शुरू कर दिया। पिता ने चौपारण थाना में लिखित आवेदन देकर बेटे चंदन के लापता होने की बात कही । इधर युवक के लापता होने की खबर सोशल मीडिया में तेज़ी से वायरल हो रहा है और युवक कि जानकारी देने की बात कहा जा रहा है।

### पबजी का लत, युवाओ के लिए हो रहा हानिकारण

पबजी गेम की लोगों में दीवानगी इस तरह बढ़ गई है कि सभी कामकाज छोड़कर लोग इसे खेलने में व्यस्त रहते हैं। इसकी लत से बच्चों की रात की नींद भी गायब हो रही है और उनमें एंजाइटी की समस्या बढ़ रही है तथा यह धीरे-धीरे उन्हें मना. रोग की ओर ले जा रहा है। इस गेम का एक ही उद्देश्य है- मारो और लूटो। यह न तो हमारी बाल व युवा पीढ़ी को कोई सार्थक संदेश देने में सक्षम है और न ही स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने में कारगर है।पबजी खेलने वाले बच्चों के आंखों की रोशनी कमजोर पड़ने के साथ ही मस्तिष्क में हिंसक प्रवृत्ति घर कर रही है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ में अवैध आर्म्स फैक्ट्री का भंडाफोड़, अर्द्धनिर्मित हथियार समेत सात धराए

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ थाना से महज दो सौ मीटर की दूरी पर एनएच 100 किनारे सातमील मोड़ में जमुनियां नदी के पास एक पक्के मकान में अवैध संचालित आर्म्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। इस फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में अर्धनिर्मित हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। गुप्त सूचना पर बिहार से पहुंची एसटीएफ टीम ने विष्णुगढ़ पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की। इस अवैध धंधे में शामिल सात तस्करों को मौके पर से गिरफ्तार किया गया। इनमें बोकारो जिला के तीन तथा बिहार के मुंगेर जिला के चार तस्कर शामिल हैं। इसमें एक कुख्यात हथियार तस्कर है। बताया जाता है कि गिरफ्तार किए गए तस्करों का नेटवर्क झारखंड से लेकर बिहार तक फैला हुआ है। इन दिनों बिहार के मुंगेर जिला में कई अवैध आर्म्स फैक्ट्री संचालित है। इनका कनेक्शन झारखंड के भी हथियार तस्करों से है। बिहार एसटीएफ ने कुछ इसी तरह का खुलासा किया है। दरअसल मुंगेर के हथियार तस्करों की निशानदेही पर विष्णुगढ़ में छापेमारी की गई। जिसमें यहां अवैध तरीके से संचालित गन फैक्ट्री का पता चला। इस अवैध फैक्ट्री में 52 पीस अर्द्धनिर्मित पिस्टल, 39 पीस अर्द्धनिर्मित पिस्टल बट, एक लेथ मशीन, एक जेनरेटर, दो माइलिंग मशीन, दो बाइक, एक सार्पिनिंग टूल, सात मोबाइल सेट, एक ड्रिलिंग मशीन समेत कई हथियार बनाने के अन्य कई उपकरण, कलपुर्जे एवं कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार लोगों में बोकारो जिला के नावाडीह थाना क्षेत्र के मुंगो निवासी मो अख्तर, बंदियो निवासी मो शमीम अख्तर तथा मो मुस्ताक के अलावा बिहार के मुंगेर जिला के कासिम बाजार थानाक्षेत्र के मकशसपुर हजरतगंज निवासी मो इमरान, सोनू आलम, मो नसीम तथा मो इमरान शामिल हैं।



बरामद अर्द्धनिर्मित हथियारों का जखीरा




गिरफ्तार किए गए हथियार तस्कर

## बरवाडीह निवासी 111 वर्षीय मो. सोहरी देवी को श्रवन कुमार के तर्ज पर उनके पौत्रों ने कलुवा पहाड कौलेश्वरी देवी मां का स्थान का दर्शन करवायें

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

भारतीय इतिहास में श्रवण कुमार की कहानी को अमर माना जाता है। वाल्मीकि रामायण के अयोध्याकांड के 64वें अध्याय में श्रवण कुमार की कथा मिलती है। श्रवण कुमार के माता-पिता बूढ़े और आंखों से दिव्यांग थे। उसी प्रकार ग्राम पंकरी बरवाडीह की मो. सोहरी देवी 111 साल की है। जिन्हें उनके इच्छा अनुसार उन्हें चतरा जिले के कलुआ पहाड़ कोलेशवरी देवी माता का धर्म स्थल पर ले जाकर उनके पौत्रों ने दर्शन करवाएं। जिसमें सुनिल कुमार साव , बिशेश्वर साव, अशोक साहू , दिलचंद कुमार साव, नारायण साव एवं परिवार के सभी लोगों शामिल थे । जिन्हें श्रवण कुमार के मार्ग पर चलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।



माता पिता को दर्शन के लिए ले जाते परिजन

## खरना महाप्रसाद के साथ एतवारी छठ पर्व शुरू

**अपेम न्यूज़ बिरनी (गिरिडीह)**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत प्रखण्ड मुख्यालय से पश्चिम बनपुरा गाँव समेत कई गांवों में कार्तिक मास के रविवार को होने वाले बडका पर्व का आज खडना किया गया जिसका पारण एकादशी के दिन सन्ध्या अर्घ्य के साथ बड़का पर्व की समाप्ति की जाएगी। आपको बता दें कि इस पर्व में केवल एक हीं समय सूर्यास्त के समय भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है तथा यह पर्व किसी अन्य गाँवों में माघ महीने में भी किया जाता है जबकि बनपुरा, बतलोहिया, पड़रिया, रुपईडीह, बृंदा समेत कई गांवों में आज इस व्रत का खरना महाप्रसाद के साथ पर्व का दूसरा दिन है इस पर्व में केवल रविवार को सूर्यास्त के समय एक ही अर्घ्य दिया जाता है ।



## बिहार एसटीएफ की टीम ने अवैध हथियार फैक्ट्री का किया उद्भेदन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ के सातमील मोड़ के पास शनिवार को एक मकान में संचालित मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया। जिसमें बड़ी मात्रा में अर्द्धनिर्मित हथियारों का जखीरा समेत बनाने में प्रयुक्त कई उपकरण समेत कारोबार में शामिल सात लोगों को दबोचे गए। यह खबर स्थानीय लोगों को मिलते हीं लोगों में हड़कंप मच गया। किसी को तनिक भी आभास नहीं था कि विष्णुगढ़ थाना से महज कुछ मीटर की दूरी पर नेशनल हाइवे के किनारे अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री चल रही है। बताया जाता है कि जिस मकान में अवैध हथियार को बनाने की फैक्ट्री संचालित थी, वह विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के गैड़ा पंचायत अंतर्गत किरतोडीह के एक व्यक्ति का है। उसका नाम अशरफ अंसारी बताया जाता है। संभवतः उसने मकान को किराए पर दे रखा था। सामने की दुकान में वेल्डिंग का काम होता था। इसी की आड़ में मकान के अंदर बेसमेन्ट तल्ला में अवैध हथियार बनाने का काम चलता था। बीते आठ-दस महीनों से यह कारोबार यहां फल-फूल रहा था। इन दिनों विष्णुगढ़ और इसके आसपास के थाना क्षेत्रों में मिनी गन फैक्ट्री के उद्भेदन का यह दूसरा मामला है। इसके पूर्व विष्णुगढ़ के सीमावर्ती बगोदर थाना क्षेत्र के घंघरी में भी लगभग 23 सितंबर को एक मकान में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अर्द्धनिर्मित हथियार समेत बनाने में प्रयुक्त कई उपकरण बरामद किए गए थे। दोनों मामले में स्थानीय पुलिस को इस अवैध कारोबार की भनक तक नहीं थी। बगोदर के घंघरी में बंगाल पुलिस ने गुप्त सूचना पर यह कारवाई की थी, वहीं, विष्णुगढ़ में बिहार से पहुंची एसटीएफ टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की। छापेमारी में विष्णुगढ़ एसडीपीओ अनुज उरांव, थाना प्रभारी जगलाल मुंडा, पुअनि भागीरथ पासवान, पुअनि प्रशांत कुमार मिश्रा, सअनि संत कुमार पाठक, सअनि शशिकांत प्रेमा तिर्की दलबल के साथ मौजूद थे।



अवैध हथियार फैक्ट्री में छापेमारी करती पुलिस की टीम

APEM LIVE

